# सांवरे तेरा काम जाने | By Sakshi Sharma

तू ही जाने सांवरे तेरा काम जाने
तेरे रहते भक्त तेरा क्यूँ हार माने

पल पल मुझको तुम पर ही है पूरा भरोसा
मात पिता के जैसे तुमने पाला पोसा
माफ़ करो जो गलती हुई जाने अनजाने
तू ही जाने सांवरे तेरा काम जाने

हमने सुना तू एक नज़र से सबको तोले
फिर कैसे तेरे प्रेमी को कोई कुछ भी बोले
सहता जाऊँगा सबके मैं हर एक ताने
तू ही जाने सांवरे तेरा काम जाने

देख तमाशे जीवन के हम पहले उलझे
अगर रहे खामोश तो दुनिया मूरख समझे
आता हूँ तेरे दर वैभव हाल सुनाने
तू ही जाने सांवरे तेरा काम जाने

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-sakshi-sharma/